Does this Government feel that women are not part of the nation? Please tell us when the women's Bill is going to be passed in this Session. Today is Monday and by Friday, the Session will get over; this part of the Session, I mean. Are they going to pass the Bill or not? Please ask them to tell us. Madam, only you can protect us. They will never get up. Madam, please ask them to tell us.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Parliamentary Affairs Minister, there are so many lady Members of this House who are concerned. And I am sure, men are also concerned. There is a lady sitting next to you.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Renukaji is also supporting us.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. U. VENKATESWARLU): She was, in fact, inquiring about that.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (Andhra Pradesh): I was taking up this issue with him.

DR. U. VENKATESWARLU: I was assuring her. This mater was raised the other day also. That day I have said that the Prime Minister has assured this House that he would do something as far as this Bill is concerned.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: When?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Is there any time-bound programme? Or, is it like चलता है, हो जाएगा।

DR. U. VENKATESWARLU: The Prime Minister is taking leaders of all the parties into confidence to evolve *(Interruptions)*. I will get the particulars then and come back to you.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: That means, in this Session, it is not coming *(Interruptions)*. Tomorrow, we will raise it again.

RE. BOMB-BLAST IN JALANDHAR

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA (Punjab): Madam, I would like to bring to the kind attention of the House a major bomb-blast that has taken place ....*(Interruptions)*.

SHRI K.R. MALKANI (Delhi): Madam, we were told that there would be no Zero Hour, nothing.

उपसभापति: बैठिए न, कभी आपको भी समस्या हो जाती है तो एलाऊ कर देते है।

SHRI K.R. MALKANI: There should be some system.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I know there is a system.

अभी आप सिस्टम न बताइए। Otherwise, it will be difficult for the House to run. Let us find out. Jalandhar is a serious matter. Please be brief, Mr. Singla. I would request you to be brief because the Minister is here and we want the reply.

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: I will be absolutely brief, Madam. Thank you very much.

I would like to bring to the kind attention of this House a very major terrorist activity that has taken place in the form of a bomb-blast in Jalandhar killing seven people and injuring 20. The whole State is terrified today. After four years, such a major event has taken place. People are really afraid because it is not a small event that has occurred. The dimension of the nasty blast has squarely affacted the peace of the entire State. The Punjab C.M. has indicated that....

उपसभापति: अभी आप थोड़ा बोल दीजिए, भाषण नहीं करना है।

Say the matter is serious and ask what the Government is going to do about it. That is all.

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: The Punjab C.M. has indicated that there are inside and outside forces. Now, this has happened immediately after the Government is formed there.

I would like to know whether the past record of the Akali Dal has encouraged the terrorists to strick again in the State of Punjab or is the present policy of demoralising the police, adopted by the State Government, is responsible for this incident? Is the ISI, a notorious Pakistan agency, connected with this incident? Now, we have discovered a small tunnel of 34 metres in a highly sensitive area of Aznala Sub-Division where they have dug a tunnel and are bringing all kinds of materials, explosives, RDX and so on, through this tunnel. Are the intelligence agencies of the Government of India vigilant enough against such incidents? Secondly, the Congress party in Punjab has declared its support to the State Government to fight militancy in the State of Punjab. I am glad to know that for the first time, the Chief Minister of Punjab has admitted that there is insurgency in the State. During the last twelve years, they have never admitted that there was insurgency in the State of Punjab. It was something very bad on the part of the Akali Dal. I request the hon. Minister .....*(Interruptions)*.

SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI (Uttar Pradesh): That is what he said. *(Interruptions)*.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: he is capable of saying what he wants to say. he does not need any help. *(Interruptions)*.

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: Has this fact been admitted to revive militancy in Punjab? Shri Balwant Singh Ramoowalia, the Minister of Welfare, is present here. He knows it. He has been fighting against militancy. Let me know from him as to what is happening. How is he interpreting the latest bomb blast? The Government should make a statement to this effect.

श्री नरेन्द्र मोहन (उत्तर प्रदेश): मैडम, मैं एक बात जोड़ना चाहूंगा आपकी अनुमति से कि जो कुछ भी पंजाब में नई सरकार के बनने के बाद हुआ है, उसकी जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? राज्य सरकार कहती है कि आई॰एस॰आई॰ के कारण यह हुआ है और आई॰ एस॰आई॰ के जिन लोगों को पुलिस वालों ने गिरफ्तार किया, अब उनके ही खिलाफ मुकदमे दायर कर दिए गए हैं। रामूवालिया साहब यहां बैठे हैं, ये बताएं। ये तो विदेशों में जा कर कह रहे थे कि पंजाब अब ठीक हो गया है लेकिन पंजाब में पुनः आई॰एस॰आई॰ की गतिविधियों का हो जाना, आतंकवादियों की गतिविदियों का हो जाना राष्ट्र के लिए एक गंभीर खतरे की बात है। सबसे खास बात यह है कि जिस तरह से आई॰एस॰आई॰ की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं, इस पर एक श्वेत-पत्र आना चाहिए। सारे देश को इस बात की पूरी जानकारी मिलनी चाहिए कि इन आई॰एस॰आई॰ की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए भारत सरकार क्या करने जा रही है? आए दिन विस्फोट होते हैं, कभी पंजाब में होते हैं, कभी महाराष्ट्र में होते हैं, कभी दिल्ली में हो जाते हैं, कभी उत्तर प्रदेश में होते हैं, तमिलनाडु में होते हैं। आखिर यह क्यों हो रहा है? कोई तो बताए।

उपसभापतिः ओ॰के॰ बैठिए।

श्री नरेन्द्र मोहनः क्या भारत की खुफिया पुलिस इतनी कमज़ोर हो गई है कि आई॰एस॰आई॰ की गतिविधियों पर नियंत्रण नहीं लगा सकती? मैं चाहूंगा कि रामूवालिया जी इस पर कुछ कहें।

उपसभापतिः रामूवालिया जी कुछ नहीं कहेंगे, यह होम मिनिस्ट्री का मामला है।

श्री नरेन्द्र मोहनः रामूवालिया जी बताएं। वे बहुत कह चुके हैं इस पर।

THE DEPUTY CHAIRMAN: This is a very serious matter. Let the Government come with a proper statement. Mr. Minister, if you have some proper information, please give. Otherwise, I don't want a vague information on such matters.

कल्याण मंत्री (श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया): मैडम, मैं एक बात पर रीएक्ट करना चाहता हूं। ये बार-बार क्यों कह रहे हैं कि भारतीय खुफिया एजेंसी क्या सक्षम है इस काम में? अरे सक्षम है तभी तो टनल पकड़ी है। आप खुफिया एजेंसी पर इलज़ाम मत लगाइए, जो पंजाब में हो रहा है। पंजाब में अकाली दल और बी॰जे॰पी॰ की सरकार है लेकिन सरकारों का मामला छोड़िए, इस पर हमें पूरी चिंता है और मैं कल खुद वहां विज़िट करके आया हूं और हम पूरी इनफॉर्मेशन ले रहे हैं।

श्री नरेन्द्र मोहन: क्या इनफॉर्मेशन लाए हैं, यह तो बताइए।

THE DEPUTY CHAIRMAN: That matter is closed. Now, we will take up the discussion on the Railway Budget. *(Interruptions)*.

SHRI JOHN F. FERNANDES (Goa): I would like to make one point.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Fernandes, let the Minister reply. Thereafter, I will permit you *(Interruptions)*.

Mr. Raj Nath Singh, I am not allowing you to speak. *(Interruptions)*.

This is not proper. It is not going on record. *(Interruptions)*.

दो लोगों ने लिख कर परमीशन मांगी थी। सीरियस मैटर था इसलिए मैंने एलाऊ कर दिया। अब रेलवे का जवाब होना है। अभी आप ही के साथी नाराज़ हो रहे थे कि ज़ीरो ऑवर हो रहा है। रेलवे का जवाब खत्म हो जाए उसके बाद आपको जो बोलना है बोलिएगा।

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: Madam, before the Railway Minister replies to the debate on the Railway Budget, I would like to make one submission. I have not spoken on the Railway Budget deliberately becasue every time, when I speak on... *(Interruptions)*. मेरी बात सुन लीजिए। ....**(व्यवधान)**....

उपसभापति: आप यहां क्यों आए हैं? ... अपनी जगह जाइए।.....**(व्यवधान)**....

आप अपनी जगह जाइए। ....**(व्यवधान)**....

Go back to your seat. There is nothing to be agitated.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Madam, Tamil Nadu is completely ignored in the Railway Budget. ...*(Interruptions)*...

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: I know it is better not to speak. I only want an assurance before he speaks ...*(interruptions)*...

उपसभापति: आप अपनी रेल गाड़ी ध्यान से नहीं चलायेंगे तो एक्सीडेंट हो जायेगा।

श्री अजीत जोगी: आज तो आप बिलासपुर का जोन जरूर घोषित कर दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: He knows the details and he remembers everything. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: Before he replies, let him say that he will look at Tamil Nadu. ...*(Interruptions)*... It is a part of the country. He has not given anything to the State of Tamil Nadu. ...*(Interruptions)*...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Order. ...*(Interruptions)*... Order in the House, please. This is not the way to speak. Please sit down. ...*(Interruptions)*... Please take your seats. ...*(Interruptions)*... आप बैठिए। आप बैठिए। I am surprised that you already know what is in the mind or in the papers of the Railway Minister, and you are reacting before he has spoken about it. ... *(Interruptions)*... I can understand that. Let him speak. If he does not satisfy you, and I am sure that everybody can't be satisfied, but at least ...*(Interruptions)*... Just one second. ...*(Interruptions)*... एक सेकेंड अभी आप बैठिए। उनको बोलने दीजिए। आप पहले से ही जंजीर खींचेंगे तो?

श्री सुरेन्दर कुमार सिंगला: एक सेकेंड बोलने दीजिए।

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, no, no. आप बैठिए। आप बैठिए। आप बैठिए।

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: Madam, I request you to give me a second.

THE DEPUTY CHAIRMAN: For what?

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: Only to tell the Minister....

THE DEPUTY CHAIRMAN: No; nothing. No discussion on the Railway Budget now. It is the reply. ...*(Interruptions)*...

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: Madam, I will take a second.

THE DEPUTY CHAIRMAN: No.

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: I will take a second to only remind him.

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, not one second, please. आप बैठिए, तशरीफ रखिए। आपकी गाड़ी चालू नहीं हुई है। मंत्री जी बोलिए। अगर इन लोगों की कोई समस्या होगी, जाहिर है कि एमपीज़ लोगों की अपने रीजन की समस्या होती है, उन पर आप ध्यान दीजिएगा। उनके सवालों का जवाब जहां तक आप दे सकते हैं, कुछ सेटिसफाई आप उनको कर सकते हैं तो करिएगा।

I know, it is a very tough job to make everybody satisfied. Please reply.

THE BUDGET (RAILWAYS), 1997-98

रेल मंत्री (श्री राम विलास पासवान): आदरणीय उपसभापति महोदया, मैं सर्वप्रथम माननीय संसद सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि रेलवे के बजट में जिस तरीके से उन्होंने इन्टरेस्ट लिया है और मार्गदर्शन करने का काम किया है। रेल बजट पर 9 घंटे से ज्यादा डिबेट चली और काफी माननीय संसद सदस्यों ने अपने बहुमूल्य विचार रखे। दोनों सदनों में मैं जिज्ञासा देख रहा हूं, इसी बार ही नहीं पहले भी जिज्ञासा रही है, यह इस बात का द्योतक है कि रेलवे के प्रति और जो रेलवे का महत्व है वह काफी आम लोगों के जन-जीवन से जुड़ा हुआ है। अभी प्रत्येक रेलवे जोन की हमारी मीटिंग भी चल रही है। रेलवे कंसलटेटिव कमेटी के अलावा अगल-अलग माननीय संसद सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल और स्टेट्स के प्रतिनिधि मंडल आये और उनसे विचार-विमर्श जारी है। जैसा कि मैंने उस दिन कहा था कि माननीय संसद सदस्यों के जो पाइन्ट्स हैं मैं उन पाइन्ट्स में स्वयं जाने का काम करूंगा। मैंने उस दिन आपसे आग्रह किया था कि एक पालिसी मेटर का सवाल है और एक इंडीविजुयली ट्रेन का सवाल है। इंडीविजुयली या जो प्रोजेक्ट्स का मामला है इसमें माननीय सदस्यों से मैं यह आग्रह करना चाहूंगा। चूंकि यह वोट आन अकाउन्ट है और दो महीने का बजट पास हो रहा है, स्टैंडिंग कमेटी में यह मामला जायेगा और स्टैंडिंग कमेटी की राय लेकर के फिर दोनों सदनों में यह बजट आयेगा। पिछली बार हाउस की राय हुई थी इसलिए बिना स्टैंडिंग कमेटी में गये हुये ही रेलवे बजट को पास कर दिया गया था। उसका नतीजा यह हुआ कि स्टैंडिंग कमेटी ने थोड़ी सी उसके खिलाफ आब्जरवेशन दी इस बार काफी समय है और मैं नहीं चाहता हूं कि जब सदन की स्टैंडिंग कमेटी है तो उसको किसी तरह से बाई पास किया जाये। हम आपके बीच में आये हैं कोई 31 मार्च तक रेलवे बजट पास नहीं हो रहा है हमें काम करना है, पैसा खर्च करना है तो आगे के दो महीने के खर्च की मंजूरी के लिए हम आपके पास आये हैं और जब रेलवे का पूरा का पूरा बजट स्टैंडिंग कमेटी से आयेगा तो माननीय संसद सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने का मौका मिलेगा और मुझे भी जवाब देने का मौका मिलेगा। जैसे मेरे पास स्टेटवाइस पूरी-पूरी लिस्ट भी है लेकिन मैं समझता हूं कि उसमें बहुत समय लग जायेगा। क्योंकि जब हम एक बार आपको जवाब दे देंगे चिट्ठी में, उसके बाद आपको उस चिट्ठी के आधार पर आपका सैटिस्फैक्शन नहीं होता है या आपकी कोई गिरवेन्सेस रह जाती हैं तो आपको पूरा-पूरा अधिकार है कि आप उस मुद्दे को पुनः रखें। चूंकि मैंने एक-एक माननीय सदस्य का भाषण देखा है और मुझको यह देखकर खुशी भी हुई है। इस बार काफी माननीय सदस्यों ने अलग-अलग प्रोजेक्ट्स के संबंध में, गाड़ियों के संबंध में तथा अन्य चीजों के संबंध में मामला उठाने का काम किया है। इसलिए मैं सबसे पहले जो माननीय सदस्य अभी बतला रहे थे, मैं उनकी समस्या को भी जानता हूं लेकिन प्रोजेक्ट का नाम नहीं लेना चाहता हूं। आप बोलेंगे तो कहेंगे कि पटियाला से नरवाना का क्या हुआ, आप बोलेंगे कि हमारे बिलासपुर जोन का क्या हुआ? इसलिए मैं आपकी गाइड लाइन चाहता हूं कि आप मुझे गाइड लाइन दें। मैंने माननीय सदस्यों को सुना है उससे हमको काफी प्रेरणा भी मिली है तथा मार्गदर्शन भी मिला है। इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि जो हमारे पॉलिसी के संबंध में मुद्दे हैं, इनसे संबंधित हम अपने विचारों को रखेंगे और इस बीच में 31 तारीख को या 30 अप्रैल से पहले हर माननीय सदस्य का जो प्रोजेक्ट के संबंध में सुझाव है, उसके संबंध में विस्तृत जानकारी इस मामले में हम आपको पत्र के द्वारा दे देंगे। उसके बाद जब रेलवे का बजट आयेगा तो उस प्रोजेक्ट के संबंध में आप अपने विचार रख सकते हैं। उसमें यदि आपको हमारी बात अच्छी लगे तो आप धन्यवाद देंगे, अच्छी नहीं लगे तो आप अपने विचारों को रखने का काम करेंगे, यह मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं। जैसा आपकी अनुमति होगी उसी के अनुसार मैं मूव करूंगा।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (राजस्थान): मंत्री जी जो पालिसी के बारे में बतलाने वाले है, बड़ी अच्छी बात है। इंडीविज्युअल प्रोजेक्ट्स को इन्होंने डफर करके आगे की बात कही है। मैं केवल इतना जानना चाहता हूं कि यह किराया आप एक अप्रैल से बढ़ा रहे हैं या फाइनल बजट पास होने के बाद बढ़ायेंगे, इसके बारे में स्पष्टीकरण चाहता हूं।